CS (M), 2014

C-DRN-N-ITUA

# सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | |
|---|---|
| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>*Time allowed : Three Hours* | अधिकतम अंक : 250<br>*Maximum Marks : 250* |

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें पच्चीस प्रश्न हैं जो हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हैं ।*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **TWENTY-FIVE** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

***All** the questions are compulsory.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

*सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए जो प्रत्येक 150 शब्दों से **अधिक नहीं** होने चाहिए । उत्तर की अन्तर्वस्तु उसकी लम्बाई से अधिक महत्त्वपूर्ण है । सभी प्रश्नों के समान अंक हैं ।*

***Answer all the questions in NOT MORE THAN 150 words each. Contents of the answer are more important than its length. All questions carry equal marks.*** *10×25=250*

**Q1.** सिंधु घाटी सभ्यता की नगरीय आयोजना और संस्कृति ने किस सीमा तक वर्तमान युगीन नगरीकरण को निवेश (इनपुट) प्रदान किए हैं ? चर्चा कीजिए ।

**To what extent has the urban planning and culture of the Indus Valley Civilization provided inputs to the present day urbanization ? Discuss.** *10*

**Q2.** गांधार मूर्तिकला रोमनिवासियों की उतनी ही ऋणी थी जितनी कि वह यूनानियों की थी । स्पष्ट कीजिए ।

**Gandhara sculpture owed as much to the Romans as to the Greeks. Explain.** *10*

**Q3.** तक्षशिला विश्वविद्यालय विश्व के प्राचीनतम विश्वविद्यालयों में से एक था जिसके साथ विभिन्न शिक्षण-विषयों (डिसिप्लिन्स) के अनेक विख्यात विद्वानी व्यक्तित्व सम्बन्धित थे । उसकी रणनीतिक अवस्थिति के कारण उसकी कीर्ति फैली, लेकिन नालन्दा के विपरीत, उसे आधुनिक अभिप्राय में विश्वविद्यालय नहीं समझा जाता । चर्चा कीजिए ।

**Taxila university was one of the oldest universities of the world with which were associated a number of renowned learned personalities of different disciplines. Its strategic location caused its fame to flourish, but unlike Nalanda, it is not considered as a university in the modern sense. Discuss.** *10*

**Q4.** पानीपत का तीसरा युद्ध 1761 में लड़ा गया था । क्या कारण हैं कि इतनी अधिक साम्राज्य-प्रकंपी लड़ाइयाँ पानीपत में लड़ी गई थीं ?

**The third battle of Panipat was fought in 1761. Why were so many empire-shaking battles fought at Panipat ?** *10*

**Q5.** सूफ़ी और मध्यकालीन रहस्यवादी सिद्ध पुरुष (संत) हिन्दू / मुसलमान समाजों के धार्मिक विचारों और रीतियों को या उनकी बाह्य संरचना को पर्याप्त सीमा तक रूपांतरित करने में विफल रहे । टिप्पणी कीजिए ।

**Sufis and medieval mystic saints failed to modify either the religious ideas and practices or the outward structure of Hindu / Muslim societies to any appreciable extent. Comment.** *10*

**Q6.** भारत में अठारहवीं शताब्दी के मध्य से स्वतंत्रता तक अंग्रेज़ों की आर्थिक नीतियों के विभिन्न पक्षों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Examine critically the various facets of economic policies of the British in India from mid-eighteenth century till independence. *10*

**Q7.** किन प्रकारों से नौसैनिक विद्रोह भारत में अंग्रेज़ों की औपनिवेशिक महत्त्वाकांक्षाओं की शव-पेटिका में लगी अंतिम कील साबित हुआ था ?

In what ways did the naval mutiny prove to be the last nail in the coffin of British colonial aspirations in India ? *10*

**Q8.** विश्व में घटित कौन-सी मुख्य राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों ने भारत में उपनिवेश-विरोधी (ऐंटी-कॉलोनियल) संघर्ष को प्रेरित किया ?

What were the major political, economic and social developments in the world which motivated the anti-colonial struggle in India ? *10*

**Q9.** 1956 में स्वेज़ संकट को पैदा करने वाली घटनाएँ क्या थीं ? उसने एक विश्व शक्ति के रूप में ब्रिटेन की आत्म-छवि पर किस प्रकार अंतिम प्रहार किया ?

What were the events that led to the Suez Crisis in 1956 ? How did it deal a final blow to Britain's self-image as a world power ? *10*

**Q10.** लेनिन की नव आर्थिक नीति – 1921 ने स्वतंत्रता के शीघ्र पश्चात् भारत द्वारा अपनाई गई नीतियों को प्रभावित किया था । मूल्यांकन कीजिए ।

The New Economic Policy – 1921 of Lenin had influenced the policies adopted by India soon after independence. Evaluate. *10*

**Q11.** भारत में एक मध्यम-वर्गीय कामकाजी महिला की अवस्थिति को पितृतंत्र (पेट्रिआर्की) किस प्रकार प्रभावित करता है ?

How does patriarchy impact the position of a middle class working woman in India ? *10*

**Q12.** क्या कारण है कि भारत के कुछ अत्यधिक समृद्ध प्रदेशों में महिलाओं के लिए प्रतिकूल स्त्री-पुरुष अनुपात है ? अपने तर्क पेश कीजिए ।

Why do some of the most prosperous regions of India have an adverse sex ratio for women ? Give your arguments. *10*

**Q13.** संयुक्त परिवार का जीवन चक्र सामाजिक मूल्यों के बजाय आर्थिक कारकों पर निर्भर करता है । चर्चा कीजिए ।

The life cycle of a joint family depends on economic factors rather than social values. Discuss. *10*

**Q14.** ऐसे विभिन्न आर्थिक और सामाजिक-सांस्कृतिक बलों पर चर्चा कीजिए, जो भारत में कृषि के बढ़ते हुए महिलाकरण को प्रेरित कर रहे हैं ।

Discuss the various economic and socio-cultural forces that are driving increasing feminization of agriculture in India. *10*

**Q15.** धर्मनिरपेक्षता पर भारतीय वाद-विवाद, पश्चिम में वाद-विवादों से किस प्रकार भिन्न हैं ?

How do the Indian debates on secularism differ from the debates in the West ? *10*

**Q16.** असामान्य जलवायवी घटनाओं में से अधिकांश एल-नीनो प्रभाव के परिणाम के तौर पर स्पष्ट की जाती हैं । क्या आप सहमत हैं ?

Most of the unusual climatic happenings are explained as an outcome of the El-Nino effect. Do you agree ? *10*

**Q17.** क्या कारण है कि संसार का वलित पर्वत (फोल्डेड माउन्टेन) तंत्र महाद्वीपों के सीमांतों के साथ-साथ अवस्थित है ? वलित पर्वतों के वैश्विक वितरण और भूकंपों एवं ज्वालामुखियों के बीच साहचर्य को उजागर कीजिए ।

Why are the world's fold mountain systems located along the margins of continents ? Bring out the association between the global distribution of fold mountains and the earthquakes and volcanoes. *10*

**Q18.** इंडोनेशियाई और फिलिपीनी द्वीपसमूहों में हज़ारों द्वीपों के विरचन की व्याख्या कीजिए ।

Explain the formation of thousands of islands in Indonesian and Philippines archipelagos. *10*

**Q19.** उष्णकटिबंधीय चक्रवात अधिकांशतः दक्षिणी चीन सागर, बंगाल की खाड़ी और मैक्सिको की खाड़ी तक ही परिसीमित रहते हैं । ऐसा क्यों है ?

Tropical cyclones are largely confined to South China Sea, Bay of Bengal and Gulf of Mexico. Why ? *10*

**Q20.** भारतीय उप-महाद्वीप में घटती हुई हिमालयी हिमनदियों (ग्लेसियर्स) और जलवायु परिवर्तन के लक्षणों के बीच सम्बन्ध उजागर कीजिए ।

Bring out the relationship between the shrinking Himalayan glaciers and the symptoms of climate change in the Indian sub-continent. *10*

**Q21.** जबकि अंग्रेज़ बागान-मालिकों ने असम से हिमाचल प्रदेश तक शिवालिक पर्वतमाला और निम्न हिमालय के साथ-साथ चाय बागान विकसित किए थे, परिणाम में वे दार्जिलिंग क्षेत्र से बाहर सफल नहीं हुए । स्पष्ट कीजिए ।

Whereas the British planters had developed tea gardens all along the Shivaliks and Lesser Himalayas from Assam to Himachal Pradesh, in effect they did not succeed beyond the Darjeeling area. Explain. *10*

**Q22.** क्या कारण है कि भारत में हरित क्रांति पूर्वी प्रदेश में उर्वरक मृदा और जल की बढ़िया उपलब्धता के बावजूद, असलियत में उससे बच कर आगे निकल गई ?

Why did the Green Revolution in India virtually by-pass the eastern region despite fertile soil and good availability of water ? *10*

**Q23.** विश्व में लौह एवं इस्पात उद्योग के स्थानिक प्रतिरूप में परिवर्तन का विवरण दीजिए ।

Account for the change in the spatial pattern of the Iron and Steel industry in the world. *10*

**Q24.** विश्व के संसाधन संकट से निपटने के लिए महासागरों के विभिन्न संसाधनों, जिनका उपयोग किया जा सकता है, का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Critically evaluate the various resources of the oceans which can be harnessed to meet the resource crisis in the world. *10*

**Q25.** उभरते प्राकृतिक संसाधन समृद्ध अफ्रीका के आर्थिक क्षेत्र में भारत अपना क्या स्थान देखता है ?

How does India see its place in the economic space of rising natural resource rich Africa ? *10*